AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

नाटू-नाटू को ऑस्कर, लविवि में जश्न

लखनऊ। आरआरआर फिल्म के गाने नाटू-नाटू को एकेडमी अवॉर्ड में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का पुरस्कार मिलने पर लविवि के छात्रों ने सोमवार को परिसर में जश्न मनाया। विवि के बीआर अंबेडकर छात्रावास की छात्राओं ने खुशी में नाटू-नाटू गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। विवि के इस इंटर हॉस्टल फेस्ट की नृत्य प्रतियोगिता में उर्मिका पांडेय, सौम्या सिंह, खुशी जैन व समृद्धि सिंह ने हिस्सा लिया। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। (माई सिटी रिपोर्टर)

डॉ. मानिनी श्रीवास्तव बनीं इंस्टीट्यूट ऑफ विमेन स्टडीज की समन्वयक

लखनऊ। लविवि के मनोविज्ञान विभाग की शिक्षक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव को इंस्टीट्यूट ऑफ विमेन स्टडीज के समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. मानिनी ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। (माई सिटी रिपोर्टर)

18 विभागों ने ही दिया विजन डॉक्यूमेंट

लखनऊ। राजभवन के निर्देश के बावजूद लखनऊ विश्वविद्यालय के आधे से ज्यादा विभाग अपना विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने में नाकाम रहे हैं। विवि प्रशासन ने सभी विभागों को 10 मार्च तक विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने का निर्देश दिया था, लेकिन सोमवार तक सिर्फ 18 विभाग ही दे सके। डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने बचे हुए विभागों को विजन डॉक्यूमेंट देने को कहा है। (माई सिटी रिपोर्टर)

एलएलबी सम सेमेस्टर की कक्षाएं 16 से

लखनऊ। लविवि में एलएलबी के सम सेमेस्टर की कक्षाएं 16 मार्च से संचालित होंगी। विभागाध्यक्ष प्रो.बंशीधर सिंह ने पत्र जारी कर बताया कि विस्तृत समय सारणी जारी कर दी गई है। मालूम हो कि विवि में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू न होने की वजह से काफी दिनों तक परास्नातक कक्षाएं ठप थीं। (संवाद)

5 ट्रिलियन इकनॉमी की राह की बाधाओं को दूर करेगा लविवि

संवाद न्यूज एजेंसी

विवि के वाणिज्य संकाय के प्रोफेसर को मिला दस लाख का अनुदान

लखनऊ। सरकार के देश को पांच ट्रिलियन इकनॉमी (50 खरब) बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में लखनऊ विश्वविद्यालय अपना योगदान देगा। इसके लिए विवि अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाने में आने आने वाली बाधाओं को दूर करने संबंधी रिपोर्ट तैयार करेगा। इसके लिए लविवि के वाणिज्य संकाय के प्रो. सोमेश शुक्ल को दस लाख रुपये का अनुदान दिया गया है।

प्रो. सोमेश शुक्ल ने बताया कि पांच ट्रिलियन इकनॉमी के संकल्प को साकार करने के लिए वह चार चीजों को आधार बनाकर अध्ययन करेंगें। इनमें कृषि, शिक्षा, संस्कृति व आबादी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि हम पुरानी चीजों को ध्यान में रखकर ही नए वर्ष का बजट तय करते हैं। इसलिए सरकार द्वारा 5 ट्रिलियन इकोनॉमी को बनाने के लिए जो कदम उठाए जा रहे हैं वह कितने कारगर हैं। इसका अध्ययन इस प्रोजेक्ट में किया जाएगा।

प्रो. सोमेश शुक्ल।

उनके मुताबिक, मौजूदा समय में पांच ट्रिलियन इकोनॉमी को पाने के लिए केंद्रीय बैंक की बड़ी भूमिका होगी। इसलिए आरबीआई के वित्तीय समावेशन को ध्यान में रखते सुधारों का अध्ययन किया जाएगा।

प्रो. सोमेश शुक्ल के मुताबिक, हमारे पास जो सबसे बड़ी शक्ति है युवा। वहीं बढ़ती आबादी समस्या है। ऐसे में दोनों के बीच संतुलन से ही प्राप्त किया जा सकेगा।

i-NEXT PAGE 4

16 से एलएलबी की होगी पढ़ाई

अधिष्ठाता विधि संकाय ने जारी किया नोटिफिकेशन

LUCKNOW (13 March): लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने तीन और पांच वर्षीय एलएलबी सम सेमेस्टर कक्षाएं शुरू करने का नोटिफिकेशन सोमवार को जारी कर दिया. विधि तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के दूसरे, चौथे, छठे एवं विधि पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के दूसरे, चौथे, आठवें और दसवें सेमेस्टर की नियमित कक्षाएं 16 मार्च से शुरू होंगी.

आज खत्म होंगे एग्जाम

विधि संकाय के डीन प्रोफेसर बीडी सिह ने बताया कि मंगलवार को एलएलबी की परीक्षाएं समाप्त हो जाएंगी. उसके बाद 16 से पढ़ाई शुरू होगी. विस्तृत समय सारिणी नोटिस बोर्ड पर लगा दी गई है. सभी छात्र-छात्राओं से कहा गया है कि वह समय सारिणी के अनुसार कक्षा में उपस्थित हों. नेशनल पीजी कॉलेज ने सेमेस्टर का कैलेंडर जारी कर दिया है.

JAGRAN CITY PAGE I, III

छात्राओं ने नाटु-नाटु गीत पर मनाया जश्न

जासं, लखनऊ : एसएस राजमौलि द्वारा निर्देशित आरआरआर फिल्म के गाने नाटु-नाटु का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। 95 एकेडमी अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का पुरस्कार मिलने के बाद सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के डा. बीआर अंबेडकर हास्टल की छात्राओं ने खूब जश्न मनाया। छात्राओं ने नाटू-नाटू गाने की धुन पर समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया।

समूह का नेतृत्व ऊर्मिक पांडेय ने किया। वह विश्विद्यालय की ओर से आयोजित इंटर हास्टल फेस्ट में डांस प्रतियोगिता की विजेता भी रही हैं। समूह डांस में सौम्या सिंह, समृद्धि सिंह एवं खुशी जैन भी शामिल हुईं। छात्रा सौम्या सिंह ने कहा 'नाटु-नाटु' गीत जब से रिलीज हुआ है, तभी से हमारी जुबान पर और उत्सवों का हिस्सा बना हुआ है।

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो. अलोक कुमार राय ने देश कि इस बड़ी जीत का जश्न मनाने के लिए छात्राओं की इस पहल की सराहना भी की। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहा कि भारतीय मूल के गाने को प्रतिष्ठित आस्कर अवार्ड से सम्मानित किया जाना हर भारतीय के लिए गौरव की बात है। छात्रावास की प्रोवोस्ट डा. अर्चना सिंह ने भी छात्राओं की इस प्रस्तुति की प्रशंसा की।

नाटु-नाटु को 95 एकेडमी अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का पुरस्कार मिलने के बाद लवि के डा. बीआर अंबेडकर छात्रावास की छात्राओं ने जश्न मनाया ● सौजन्य लवि

नगर की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

75 शिक्षकों व शोधार्थियों को अवार्ड 16 को

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय अच्छे शोध कार्यों एवं बेस्ट रिसर्च पेपर पब्लिश कराने वाले शिक्षकों एवं शोधार्थियों को 16 मार्च को मालवीय सभागार में सम्मानित करेगा। डीन रिसर्च प्रोफेसर राजीव पांडेय ने बताया कि समारोह में शैक्षिक सत्र 2021-22 में एक्लेम अवार्ड के लिए दो, प्रोत्साहन अवार्ड के लिए सात और उद्दीपन अवार्ड में 32 शिक्षक व 34 शोधार्थियों के नाम चयनित किए हैं।

प्रवेश पत्र डाउनलोड न होने से छात्र परेशान : लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार से परास्नातक विषम सेमेस्टर 2022 की परीक्षाएं शुरू होंगी। तमाम छात्रों के एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं हुए तो वे परीक्षा नियंत्रक कार्यालय पहुंच गए। एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर सहित कई कोर्सों के छात्रों ने दिक्कतें बताईं। बीएससी पांचवें व बीवोक तृतीय सेमेस्टर के छात्रों का कहना था कि बैंक पेपर के प्रवेश पत्र में विषय नहीं लिखकर आ रहे हैं।

अशुद्धियों पर दी जानकारी : लवि के रसायन विज्ञान विभाग में सोमवार को 10वें पूर्व छात्र व्याख्यान में 1985 बैच के एमएससी रसायन विज्ञान के पूर्व छात्र डा. अश्विन अग्रवाल ने फार्मास्यूटिकल पदार्थों में अशुद्धियों पर एक अवलोकन पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम में विभाग के हेड प्रो. अनिल मिश्रा, डा. संजय व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

दो छात्रों में मारपीट : लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार शाम पांच बजे परीक्षा छूटने के बाद गेट नंबर चार पर दो छात्रों के बीच मारपीट हुई। सूचना पर प्रावटोरियल बोर्ड के सदस्य मौके पर पहुंचे और पकड़कर प्रावटर कार्यालय ले आए। वहां पर दोनों छात्रों ने माफी मांगकर समझौता कर लिया।

NBT PAGE 6

दिव्यांग अब 10 साल में पूरी कर सकेंगे पीएचडी

एलयू का नया पीएचडी ऑर्डिनेंस बनकर तैयार

■ एनबीटी सं, लखनऊ

एलयू में नया पीएचडी ऑर्डिनेंस लगभग बनकर तैयार हो चुका है। यूजीसी के नियमों के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मद्देनजर इसे बनाया जा रहा है। एलयू के ऑर्डिनेंस में दिव्यांगों को 10 साल में पीएचडी पूरा करने का प्रावधान तय किया गया है।

एलयू में डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि ऑर्डिनेंस बनाने के लिए दो कमिटी बनी हैं। प्रदेश स्तर पर बनी कमिटी के चेयरमैन वीसी प्रो. आलोक कुमार राय हैं, दूसरी कमिटी विवि स्तर पर बनाई गई है। एलयू के ऑर्डिनेंस में दिव्यांग अब 10 साल में पीएचडी पूरा कर सकेंगे। इससे पहले इस तरह का कोई विशेष नियम नहीं था। उन्होंने बताया कि नए ऑर्डिनेंस में बारह क्रेडिट का भी प्रावधान है। इसके तहत अब शोधार्थियों को एथिक्स का पेपर पढ़ाया जाएगा। साथ ही एक विदेशी परीक्षक होगा। वह स्टूडेंट्स की थीसिस चेक करेगा।

प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में दिक्कत

एलयू में सोमवार से परास्नातक विषम सेमेस्टर 2022 की परीक्षाएं भी शुरू हो गईं। दूसरी ओर एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर के कुछ स्टूडेंट्स ने वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जाने को लेकर मुश्किलें गिनाई हैं। वहीं बीएससी पांचवे और बीवोक तृतीय सेमेस्टर के स्टूडेंट्स ने बताया कि बैक पेपर के लिए जारी प्रवेश पत्र में विषय ही नहीं दिख रहे हैं।

आज की अच्छी खबर

■ एनबीटी सं, लखनऊ

डीएवी में दो नई फैकल्टी जल्द ही खुलेंगी। इसके अलावा परिसर में ही विधि की बिल्डिंग भी बनाई जाएगी। इसमें पांच वर्षीय विधि की पढ़ाई भी शुरू होगी।

डीएवी के प्रवंधक मनमोहन तिवारी ने सोमवार को बताया कि डीएवी में संगीत और नाट्य विधा की अलग से फैकल्टी खोली जाएगी। इसके लिए भातखंडे संस्कृति विवि से अनुमति ली जाएगी। फैकल्टी में स्टूडेंट संगीत गायन, वादन और नाटक विधा में डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा अन्य सर्टिफिकेट कोर्स भी कराए जाएंगे। वहीं भारतीय संस्कृति और भाषा की भी फैकल्टी खोली जाएगी। इसके लिए एलयू से अनुमति ली जाएगी। मीडिया कोआर्डिनेटर प्रो.राजीव त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेज परिसर में विधि विभाग की नई बिल्डिंग भारत रत्न अटल विहारी वाजपेयी के नाम पर बनाई जाएगी। ।

अनूप जलोटा को मिलेगा आर्य रत्न अलंकरण सम्मान

डीएवी कॉलेज में शताब्दी समारोह के तहत चल रहे कार्यक्रमों के क्रम में 'राममय संगीत सरिता' का मुख्य कार्यक्रम बुधवार शाम होगा। इसमें भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा प्रस्तुति देंगे। प्रवंधक मनमोहन तिवारी ने के अनुसार समारोह में पद्मश्री अनूप जलोटा को 'आर्य रत्न अलंकरण' से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

लवि : शुरू होंगे नए कोर्स, महिलाओं के स्वरोजगार पर होगा फोकस

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय का जंतु विज्ञान विभाग ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कई नए कोर्स शुरू करेगा। इसमें औद्योगिक मत्स्य पालन और वूमेन इन एक्वाकल्चर (जलीय कृषि) में छह महीने का सर्टिफिकेट और एक साल का डिप्लोमा कोर्स शामिल है। प्रत्येक कोर्स में 30-30 सीटें प्रस्तावित की गई हैं। कोर्स के दौरान महिलाओं को खास तौर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वह अपना रोजगार कर सकें। अपने 10 साल के विजन डाक्यूमेंट के तहत विभाग ने कार्ययोजना बनाकर भेज दी है।

जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एम सेराज़ुद्दीन ने बताया कि इंडस्ट्रियल फिशरीज (औद्योगिक मत्स्य पालन) में विद्यार्थियों को स्वरोजगार करने के बारे में बताया जाएगा। यह भी जानकारी दी जाएगी कि सरकार से किस प्रकार अनुदान लेकर अपना स्वरोजगार शुरू किया जा सकता है। चूंकि विभाग का नेशनल ब्यूरो आफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज के साथ एमओयू हो चुका है। वह भी मददगार साबित होगा।

- औद्योगिक मत्स्य पालन और जलीय कृषि में प्रमाणपत्र व डिप्लोमा कर सकेंगे विद्यार्थी
- लवि के जंतु विज्ञान विभाग ने 10 साल के विजन डाक्यूमेंट में तैयार किया प्रस्ताव

हैचरी डालकर कर महिलाएं कर सकेंगी स्वरोजगार

उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए विमेंस इन एक्वाकल्चर कोर्स शुरू होगा। प्रमाण पत्र व डिप्लोमा कोर्स में स्पाइरुलीना एलगी (शैवाल) का कल्चर करना सिखाया जाएगा, क्योंकि सबसे ज्यादा 72 फीसद प्रोटीन इसमें मिलता है। महिलाएं छोटी सी जगह में स्पाइरुलीना का कल्चर करके एक्सपोर्ट भी कर सकती हैं। कोर्स में इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसमें स्वरोजगार के लिए सरकार से लोन लेने पर 30 फीसद की छूट भी मिलती है। यह सभी जानकारी इसमें दी जाएगी।

एनिमल हाउस का होगा विस्तार : विजन प्लान के तहत जंतु विज्ञान विभाग में बने एनिमल हाउस का विस्तार करने, आधुनिक नई लैब बनाने एवं लेक्चर कक्ष तैयार करने का भी प्रस्ताव राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) को भेजा गया है।

एंथ्रोपोलॉजी विभाग शुरू करेगा इवेंट मैनेजमेंट कोर्स : लवि का एंथ्रीपोलॉजी विभाग पीजी में इवेंट मैनेजमेंट का कोर्स शुरू करेगा। विभाग की हेड डा. केया पांडेय ने बताया कि विद्यार्थियों को कंपनी में इंटर्नशिप के लिए भी भेजा जाएगा। म्यूजियोलाजी कोर्स भी शुरू करने की योजना है। सरकार का विचार है कि हर गांव में म्यूजियम होना चाहिए। इससे बहुत सी नौकरी के अवसर मिलेंगे। कोर्स में म्यूजियम के आर्किटेक्चर, रखरखाव, डाक्यूमेंटेशन सहित सभी चीजें बताई जाएंगी।

18 विभागों ने भेजा विजन प्लान

लखनऊ विश्वविद्यालय के विभागों में 10 साल का विजन प्लान तैयार करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। सोमवार को 18 विभागों ने प्लान डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन के पास भेज दिया। इनमें लाइब्रेरी साइंस, बायोकेमिस्ट्री, माडर्न एंड मिडिवल हिस्ट्री, एप्लाइड इकोनामिक्स, फूड प्रोसेसिंग, फार्मास्यूटिकल साइंसेज, साइकोलाजी, सांख्यिकी, मास कम्युनिकेशन, केमिस्ट्री, मालीकुलर जेनेटिक्स, एजुकेशन, पालिटिकल साइंस, एआइएच, आइएमएस, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, जूलाजी व अभिनव गुप्ता संस्थान शामिल है। जल्द अन्य विभागों से भी विजन प्लान भेजने के लिए कहा गया है। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निर्देशों एवं कुलपति प्रो .आलोक राय के मार्गदर्शन में यह प्लान बनाया जा रहा है।

एलयू : विभागों ने भेजा 10 वर्षीय विज़न प्लान

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के 18 विभागों ने सोमवार को डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन को 10 वर्ष का विजन प्लान बनाकर सौंपा। प्रो. पूनम ने बताया कि लाइब्रेरी साइंस, बायोकेमिस्ट्री, मॉर्डन एंड मेडवल हिस्ट्री, एप्लाइड इकनॉमिक्स, फूड प्रोसेसिंग, फार्मास्यूटिकल साइंस, साइकॉलजी, स्टेटिक्स, मास कम्युनिकेशन, केमिस्ट्री, मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स, एजुकेशन, पॉलिटिकल, एआईएच, आईएमएस, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, जूलॉजी और अभिनव गुप्त विभाग से विजन प्लान मिल गया है।

नकल करते पकड़े गए नौ छात्र

■ एनबीटी सं, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी में चल रहीं यूजी-पीजी की परीक्षाओं में सोमवार को नौ छात्र नकल करते पकड़े गए। दोनों पालियों में परीक्षा देने के लिए 1,06,525 स्टूडेंट रजिस्टर्ड थे। इनमें 569 स्टूडेंट ने परीक्षा नहीं दी। इस बीच सीसीटीवी कैमरों की मदद से परीक्षा की निगरानी गई। वहीं सचल दल ने चेकिंग के दौरान नौ स्टूडेंट को नकल करते पकड़ा।

डा. मानिनी बनीं कोआर्डिनेटर

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. मानिनी श्रीवास्तव को इंस्टीट्यूट आफ वूमेंस स्टडीज का कोआर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। उन्होंने इसका कार्यभार संभाल लिया। (जासं)

बीए आनर्स की परीक्षाएं 20 से

लखनऊ : बीए आनर्स (एआइएच) तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 से 31 मार्च और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 21 मार्च से एक अप्रैल तक होगी। एमए ज्योतिर्विज्ञान प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 मार्च से चार अप्रैल तक और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 मार्च से एक अप्रैल तक होंगी। इसका विस्तृत शेड्यूल विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। (जासं)

दिव्यांग 10 साल में कर सकेंगे पीएचडी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के पीएचडी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को अब पीएचडी पूरी करने के लिए 10 साल का मौका मिलेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की गाइडलाइन जारी होने के बाद लवि भी अपने यहां इसे अध्यादेश में शामिल करेगा।

डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि अभी तक दिव्यांगों के लिए अधिकतम आठ साल में पीएचडी पूरी करने की सुविधा थी। अब यूजीसी ने इसे बढ़ाकर 10 साल कर दिया है। इसी आधार पर लवि भी अपने यहां पीएचडी अध्यादेश में इसे शामिल करेगा। इसे बनाने की प्रक्रिया जारी है। 10 साल वाली सुविधा आगामी पीएचडी प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों पर लागू होगी।

थीसिस मूल्यांकन के लिए विदेश का एक परीक्षक अनिवार्य : अब पीएचडी थीसिस के मूल्यांकन के लिए भारत के बाहर से एक परीक्षक को शामिल करना अनिवार्य होगा। शोध की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए नई गाइडलाइन में यह प्रविधान किया गया है। शोधार्थियों को अब एथिक्स का पेपर भी पढ़ाया जाएगा।

परास्नातक के कई और कोर्सों की डेटशीट जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक के कई और कोर्सों की डेटशीट जारी कर दी है। एमए-एमएससी सांख्यिकी प्रथम सेमेस्टर-1 की परीक्षाएं 21 से 31 मार्च तक होंगी। इसका समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। वहीं, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 17 से 28 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। एमए-एमएससी बायोस्टैटिस्टिक्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए 21 से 31 मार्च का शेड्यूल तय किया गया है। इसके अलावा एमए-एमएससी एंथ्रोपोलाजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 25 मार्च से तीन अप्रैल और एमए, एमएससी फारेंसिक साइंस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 25 मार्च से पांच अप्रैल तक होंगी। परीक्षाओं की डेटशीट वेबसाइट www.lkouniv.ac.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

TRUE TIMES PAGE 3

हर हाथ को काम मिलने पर आएगी आत्मनिर्भरता: प्रोफेसर आलोक राय

ट्रू टाइम्स संवाददाता

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के प्रबंधन अध्ययन विद्या शाखा के तत्वावधान में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन समावेशन और स्थिरताः आत्मनिर्भर भारत का निर्माण का सोमवार को विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित होटल प्रेक्षागृह में उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर आलोक कुमार राय, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय ने कहा कि बिना आम आदमी को सम्मिलित किये हम सतत विकास की बात नहीं कर सकते। आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह जरुरी है कि हर स्तर पर सभी लोगों को उनके अनुरूप कार्य दिए जाएं।

अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय विभिन्न हितधारकों यानी कैदियों, ट्रांसजेंडर, विकलांग, महिलाओं और 18 से 80 आयु वर्ग के लोगों को समावेशी शिक्षा प्रदान कर रहा है। इस तरह नामांकन में वृद्धि हुई है जो सकल नामांकन अनुपात में और सहायक है।

विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सी के जग्गी ने कहा कि नीतियां तो हमारे पास हैं लेकिन क्रियान्वयन की कमी के कारण हम पिछड़ गए हैं। हमें ऐसे स्मार्ट नागरिक बनाने पर जोर देना है जो पहले कर्तव्य निभाए।

मुख्य वक्ता डरबन, दक्षिण अफ्रीका के प्रोफेसर रविंदर रैना ने बीज वक्तव्य देते हुए स्थिरता के चार स्तंभों पर चर्चा की। कहा कि हमारे पास एक सामान्य धरती माता है। उन्होंने एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए साथ आने के लिए भी प्रेरित किया।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत सह संयोजक प्रोफेसर ए के मलिक ने किया तथा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में संयोजक डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने जानकारी दी। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ स्मिता दीक्षित ने तथा धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव प्रोफेसर जे पी यादव ने किया।

दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। जिनमें डरबन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, डरबन, दक्षिण अफ्रीका के प्रोफेसर रविंद्र रैना ने द रोल ऑफ इंडस्ट्री 4.0 इन द सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर तथा डॉ रजनीश रत्ना, डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, रॉयल यूनिवर्सिटी ऑफ भूटान, भूटान ने कॉम्पटेन्सी बेस्ड टीचिंग लर्निंग प्रोसेस तथा मिस सुम्बुल मसूद, चेयरपर्सन, प्रयाग चैप्टर आफ एनआईआरसी आफ आईसीएसआई, प्रयागराज ने कॉरपोरेट गवर्नेंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर विचार व्यक्त किए।

इसके साथ ही प्रतिभागियों के लिए पेपर प्रेजेंटेशन सत्र भी आयोजित किया गया। जिसमें सस्टेनेबल डेवलपमेंट डायलॉग तथा एजुकेशन प्रिपेयरिंग फॉर ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी विषय पर प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इन सत्रों की अध्यक्षता प्रोफेसर इंद्रजीत घोषाल, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, जयपुर, राजस्थान, डॉ सरोज यादव, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रोफेसर पी के पांडेय तथा डॉ दिनेश सिंह, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने की। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन 14 मार्च 2023 को होगा।

AMRIT VICHAR PAGE 4

छात्राओं ने 'नाटु-नाटु' गाने पर किया समूह नृत्य

लविवि

- आरआरआर फिल्म के गीत को पुरस्कार मिलने की जानकारी पर मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एसएस राजमौलि द्वारा निर्देशित आरआरआर फिल्म के गाने नाटू-नाटू को 95 एकेडमी अवॉर्ड में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का पुरस्कार मिलने की जानकारी मिलने पर लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्राओं ने छात्रावास में खूब जश्न मनाया। वहीं कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने भी छात्राओं के जज्बे की सराहना करते हुए इसे देश की बड़ी जीत बताया।

सोमवार को विश्वविद्यालय के डॉ. बी आर अंबेडकर छात्रावास की छात्राओं ने इस जीत का जश्न मनाते हुए नाटू-नाटू गाने कि धुन पर एक जोरदार समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। समूह का नेतृत्व ऊर्मिक पांडेय ने किया जो कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर हॉस्टल फेस्ट में नृत्य प्रतियोगिता की भी विजेता रही हैं। समूह में सौम्या सिंह, समृद्धि सिंह व खुशी जैन ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

गाने पर समूह नृत्य करतीं छात्रावास की छात्राएं। अमृत विचार

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि देश की इस बड़ी जीत का जश्न मनाने के लिए छात्राओं की इस पहल कि सराहना की। छात्र कल्याण डीन प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि ये हर भारतीय के लिए गौरव कि बात है कि भारतीय मूल के गाने को प्रतिष्ठित ऑस्कर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ. बी आर आंबेडकर महिला छात्रावास की प्रोवोस्ट डॉ. अर्चना सिंह ने कहा छात्राओं ने भारत की विश्व मंच पर इस बड़ी जीत का जश्न मनाने की पहल अपने सेमेस्टर परीक्षाओं के बीच की है जो कि प्रशंसा के योग्य है।

एलएलबी सम सेमेस्टर की कक्षाएं 18 से

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) तीन वर्षीय विधि पाठ्यक्रम के सम सेमेस्टर द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम के अलावा विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम सेमेस्टर द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठम, अष्टम और दशम् की नियमित कक्षाएं 18 मार्च से शुरू होंगी। विधि संकाय लखनऊ विश्वविद्यालय विभागाध्यक्ष बीडी सिंह ने बताया कि विस्तृत समय-सारणी नोटिस बोर्ड पर लगा दी गयी है। समस्त छात्र-छात्राएं समय-सारणी के अनुसार कक्षा में उपस्थित रहे।

VoL PAGE 3

लविवि के 18 विभागों ने तैयार किया 10 वर्षीय विजन

लखनऊ हलविवि की कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दिशा निर्देशों और लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में लखनऊ विश्वविद्यालय के 10 वर्षीय विजन प्लान को 18 विभागों ने डीन एकेडमिक्स प्रो पूनम टंडन के कार्यालय में जमा कर भेज दिया है। अन्य विभाग भी शीघ्र ही अपना विजन प्लान तैयार करके भेज रहे हैं। इसमें लाइब्रेरी साइंस, बायोकेमिस्ट्री, मॉडर्न एंड मिडिवल हिस्ट्री, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, फूड प्रोसेसिंग, फार्मास्यूटिकल साइंस, साइकोलॉजी, स्टेटिक्स, मास कम्युनिकेशन, केमेस्ट्री, मॉलीक्यूलर जेनेटिक्स, एजुकेशन, पलिटिकल, एआईएच, आईएमएस, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, जियोलॉजी और अभिनव गुप्त

अवार्ड मिलने पर छात्राओं ने मनाया जश्न

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एसएस राजमौलि द्वारा निर्देशित आरआरआर फिल्म के गाने नाटू-नाटू को 95 एकेडमी अवॉर्ड में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का पुरस्कार मिलने पर खूब जश्न मनाया। लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉ बी आर अम्बेडकर छात्रावास की छात्राओं ने इस जीत का जश्न मनाते हुए नाटू-नाटू गाने की धुन पर एक जोरदार समूह नृत्य प्रस्तुत किया। समूह का नेतृत्व ऊर्मिक पांडेय ने किया जो कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर हॉस्टल फेस्ट में नृत्य प्रतियोगिता की विजेता रही हैं। समूह में सौम्या सिंह, समृद्धि सिंह व खुशी जैन ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि देश की इस बड़ी जीत का जश्न मनाने के लिए छात्राओं की इस पहल कि सराहना की। छात्र कल्याण डीन प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि ये हर भारतीय के लिए गौरव कि बात है कि भारतीय मूल के गाने को प्रतिष्ठित ऑस्कर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ. बी आर आंबेडकर महिला छात्रावास की प्रोवोस्ट डॉ. अर्चना सिंह ने कहा छात्राओं ने भारत की विश्व मंच पर इस बड़ी जीत का जश्न मनाने की पहल अपने सेमेस्टर परीक्षाओं के बीच की है जो कि प्रशंसा के योग्य है।

HINDUSTAN TIMES PAGE 3

{ 'NAATU NAATU' ON NEW LU CAMPUS }

'Fab 4' recreate moves of Oscar winner

HT Correspondent
Letters@hindustantimes.com

LUCKNOW: As India created history at the 95th Academy Awards with Naatu Naatu bringing home an Oscar for the Best Original Song, four women hostel inmates of Lucknow University recreated the dance moves of the number, on the second campus on Monday.

The Lucknow University LLB honours students pranced to the infectious beat of the number to celebrate this feat.

"The beat of Naatu Naatu along with its hook step is so infectious that one cannot help but dance to it," said Urmika Pandey, one of the performers.

"Naatu Naatu has been always on our playlist since it was released," said Somya Singh. The foursome, including Samriddhi Singh and Khushi Jain, put on their dancing shoes after writing their semester examinations. They took permission from the university administration and danced on the number in the presence of hundreds of students and a few teachers.

LU V-C prof Al